धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

नवभारत न्यूज
शिवपुरी/पिछोर, 4 सितम्बर। जिले के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिछोर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। भैया-बहनों की भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं आदर्शों पर आधारित मनमोहक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रीतम लोधी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं भगवान श्रीकृष्ण के पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में अतिथि परिचय विद्यालय के प्राचार्य राजेश सक्सेना द्वारा कराया गया। इसके पश्चात व्यवस्थापक एवं समिति परिवार द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

कार्यक्रम की रूपरेखा व्यवस्थापक द्वारा प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात भैया-बहनों ने

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, राधा-कृष्ण के स्वरूप तथा श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनमोहक झांकियों ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती सुनीता गुप्ता दीदी द्वारा प्रभावी एवं रोचक ढंग से किया गया। उनके कुशल संचालन ने पूरे कार्यक्रम को क्रमबद्ध एवं आकर्षक बनाए रखा। मुख्य अतिथि विधायक प्रीतम लोधी ने अपने संबोधन में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेने तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने भैया-बहनों की सुंदर प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार को जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य राजेश सक्सेना द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

श्रीमद् भागवत कथा में गूंजे नंद के घर आनंद भयो के जयकारे

शिवपुरी, 4 सितम्बर। शहर से करीब 10 किमी दूर स्थित बांकड़े हनुमान मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कृष्ण जन्म प्रसंग का भावपूर्ण आयोजन किया गया। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। जैसे ही कथावाचक बांकड़े हनुमान मंदिर महंत डॉ गिरीश जी महाराज के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा का वर्णन किया, पूरा कथा पंडाल भगवान कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान कृष्ण जन्म प्रसंग के दौरान श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर नजर आए। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कथा स्थल पर नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जैसे जयकारों के साथ भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की खुशियां मनाई। श्रीमद्भागवत कथा के यजमान श्रीमती आशा हरिशंकर अग्रवाल (ठेड़या) हैं। आयोजन में उनके परिजन हरिशंकर अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल एवं अशोक अग्रवाल सहित मुख्य संयोजक अजीत अग्रवाल (ठेड़या) द्वारा व्यवस्थाओं को संभाला जा रहा है। कथा के दौरान मध्यदेशीय अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष विष्णु गुप्ता (पिपरघार वाले), रामजीलाल बंसल, निर्मल गुप्ता, पार्षद गौरव सिंघल, घनश्याम गुप्ता (तिगरी वाले), अग्रवाल समाज के पूर्व महामंत्री विकास गोयल, समाजसेवी राजू गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।कथा आयोजक परिवार ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 1 सितंबर से 8 सितंबर तक किया जा रहा है। कथा के आगामी प्रसंगों में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं सहित विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की सहभागिता बनी हुई है और पूरा वातावरण भक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत नजर आ रहा है।

शुक्ला नदी उफान पर, पोहरी-छर्च मार्ग बंद

बिलौआ पुल पर बढ़ा जलस्तर, प्रशासन ने दोनों ओर लगाए बैरियर, ग्रामीणों को पानी पार न करने की समझाइश

नवभारत न्यूज
शिवपुरी/पोहरी, 4 सितम्बर। लगातार हो रही बारिश के चलते क्षेत्र की नदी-नालों में जलस्तर बढ़ने लगा है। पोहरी क्षेत्र के बिलौआ के पास शुक्ला नदी के उफान पर आने से पोहरी-छर्च मुख्य मार्ग पर आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने बिलौआ पुल के दोनों ओर रास्ता बंद कराकर बैरियर लगाने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर प्रशासन द्वारा ग्रामीण अंचलों में लगातार निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में जनपद पंचायत पोहरी के सीईओ आफिसर सिंह गुर्जर ने ग्राम पंचायत बिलौआ पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान शुक्ला नदी का जलस्तर काफी बढ़ा हुआ पाया गया और पुल के ऊपर पानी का तेज बहाव होने के कारण आवागमन रोक दिया गया। एसडीएम जेपी गुप्ता ने पुल के दोनों ओर बैरियर लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही दोनों तरफ से आने-

जाने वाले लोगों को सड़क पर बह रहे पानी को पार नहीं करने और किसी भी तरह का जोखिम नहीं उठाने की समझाइश दी गई है।

पानी के तेज बहाव से छर्च क्षेत्र का संपर्क प्रभावित

शुक्ला नदी के उफान के चलते पोहरी से छर्च जाने वाला मुख्य मार्ग बाधित हो गया है। पुल पर जलप्रवाह और तेज बहाव के कारण छर्च क्षेत्र का पोहरी से सड़क संपर्क प्रभावित हुआ है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि जब तक पानी का बहाव सामान्य नहीं हो जाता, तब तक पुल अथवा नदी-नालों को पार करने का प्रयास न करें। प्रशासनिक अधिकारियों ने नदी किनारे बसे ग्रामीणों से भी बारिश के दौरान विशेष सतर्कता बरतने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचना देने की अपील की है। प्रशासन की ओर से जलभराव और उफान वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है।

एक नजर में

बारिश से नमो नगर बना तालाब, दो दिन की बारिश में कॉलोनी में घुसा पानी,

शिवपुरी, 4 सितम्बर। शहर में दो दिन से जारी बारिश के बाद नमो नगर और बरसाना कॉलोनी के पास स्थित अन्य कॉलोनियां तालाब बन गई हैं। नमो नगर में मुख्य सड़क से लेकर घरों के अंदर तक पानी भर गया है, जिससे रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार नमो नगर की मुख्य सड़क के दोनों ओर नाली नहीं होने से बारिश का पानी सीधे कॉलोनी में घुस जाता है। खेतों से आने वाले पानी की निकासी का भी कोई प्रबंध नहीं है। स्थिति यह है कि बच्चों और बुजुर्गों को घुटनों तक भरे पानी से होकर निकलना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि हर साल बारिश में यही हालात बनते हैं, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया। यदि सड़क किनारे पक्की नालियों का निर्माण कर खेतों के पानी के लिए अलग से निकासी की व्यवस्था कर दी जाए तो इस समस्या से निजात मिल सकती है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मौके का निरीक्षण कर पानी निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को जलभराव से राहत मिल सके।

आज जिले के समस्त स्कूलों में अवकाश घोषित

शिवपुरी, 4 सितम्बर। जिले में लगातार हो रही अत्यधिक वर्षा के कारण नदी-नाले उफान पर आने और कई मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा शनिवार को जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों हेतु एक दिवसीय अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश जिले के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएससी, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय एवं अन्य सभी शैक्षणिक संस्थानों में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए प्रभावी रहेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, बीआरसीसी तथा शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों को आदेश का कढ़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

फरार स्थाई वारंटी सोनू उर्फ कोरोना को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा

दिनारा, 4 सितम्बर। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी यांगचेन डोलकर भूटिया जी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.डी. प्रजापति एवं प्रभारी एसडीओपी अनुभाग करैरा आनन्द राय के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना प्रभारी दिनारा रविन्द्र

सिह कुशवाह एवं उनके हमराही फोर्स द्वारा मुखबिर की सूचना पर से माननीय न्यायालय के प्रकरण क्र. 14/20 में फरार चल रहे स्थाई वारंटी सोनू उर्फ कोरोना पुत्र विजयराम साहू उम्र 33 साल नि. उन्नाव गेट मोहल्ला ऋषिकुंज स्कूल के पास चौकी उन्नाव गेच कोतबाली झांसी उ.प्र. को गिरफ्तार कर माननीय विशेष एनडीपीएस एक्ट न्यायालय शिवपुरी पेश किया जा रहा है- उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी रविन्द्र सिह कुशवाह, प्र.आर.252 हिमांशु चतुर्वेदी, आर 1011 संदीप सिहं चौहान, आर. सोनू साहू (थाना करैरा) सैनिक 276 धर्मपाल सिहं चौहान, आर. शिवम विश्वकर्मा, आर. प्रदीप कौरव, की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

अपना घर आश्रम में उत्साह के साथ मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

प्रभुजियों ने सजाया आश्रम, भजनों पर किया नृत्य, उत्साह से फोड़ी मटकी

शिवपुरी, 4 सितम्बर। अपना घर आश्रम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व उत्साह, उमंग और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे आश्रम को आकर्षक रूप से सजाया गया और भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। आश्रम में आयोजित मटकी फोड़ कार्यक्रम में प्रभुजियों ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान प्रभुजियों ने भगवान श्रीकृष्ण के कृष्णमय भजनों पर जमकर नृत्य किया और भक्तिभाव में सराबोर नजर आए। मटकी फोड़ कार्यक्रम ने जन्माष्टमी के उत्सव में विशेष रंग भर दिया। आश्रम परिसर में मौजूद सभी लोगों ने प्रभुजियों का उत्साह बढ़ाया और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। जन्माष्टमी के इस आयोजन का उद्देश्य आश्रम में निवासरत प्रभुजियों के बीच पर्व की खुशियां साझा करना और उन्हें अपनत्व एवं आनंद का वातावरण उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रभुजियों के चेहरों पर दिखाई दी खुशी ने पूरे आयोजन को भावपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर अपना घर आश्रम के अध्यक्ष रमेशचंद अग्रवाल, सचिव राजेंद्र गुप्ता, ब्रजेश कुमार मंगल, विजय कुमार गोयल (सेवानिवृत्त सीएमओ), आनंद स्वरूप बिंदल, अनिल कुमार जैन, समाजसेवी लालजी शिवहरे, राम नारायण गुप्ता, राम सनेही शर्मा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे

विधायक ने लिया जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा

अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

शिवपुरी, 4 सितम्बर। जिले में पिछले दो दिनों से जारी मूसलाधार बारिश के चलते शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की गंभीर स्थिति निर्मित हो गई है। आमजन को हो रही परेशानियों को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र जैन ने नगर पालिका अधिकारियों की टीम के साथ प्रभावित क्षेत्रों का धरातलीय निरीक्षण किया और राहत कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष पुरानी शिवपुरी गिर्राज शर्मा भी निरीक्षण में शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान विधायक देवेंद्र जैन ने नगर पालिका अमले को सख्त निर्देश दिए कि प्रभावित इलाकों में जल निकासी की व्यवस्था तत्काल दुरुस्त की जाए। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण किसी भी नागरिक को असुविधा न हो, इसके लिए

नपा अधिकारी और कर्मचारी मैदान में डटे रहें। प्रभावित परिवारों को हर संभव आवश्यक सहायता तुरंत उपलब्ध कराने और जलभराव वाले क्षेत्रों पर 24 घंटे लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। विधायक ने स्पष्ट किया कि जल निकासी में आ रही रुकावटों को तुरंत दूर किया जाए ताकि निचले इलाकों में जमा पानी जल्द से जल्द निकल सके। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के प्रशासनिक अधिकारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे।

राशन आवंटन में हेराफेरी पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

कलेक्टर का सख्त रुख, अनियमितता एवं लापरवाही पर निलंबन और विभागीय जांच की चेतावनी

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 4 सितम्बर। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण में अनियमितता और पदीय कर्तव्यों में लापरवाही बरतने पर जिला प्रशासन द्वारा सख्त रुख अपनाया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अनुविभाग पिछोर (तत्कालीन कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अनुविभाग कोलारस) गौरव कदम को शासकीय ऑनलाइन राशन पोर्टल पर गंभीर अनियमितता एवं राशन गबन के मामलों में कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

जारी कारण बताओ नोटिस के तहत कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी गौरव कदम की कोलारस अनुविभाग में पदस्थापना अवधि (मार्च 2025 से नवंबर 2025) के दौरान शासकीय ऑनलाइन राशन पोर्टल पर गंभीर अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर पूर्व अवधि का अतिरिक्त आवंटन (अतिरिक्त राशन) दिखाकर उसे बैक डेट तरीके से घटाया या हटाया गया। इस कागजी हेराफेरी के माध्यम से शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर 27 से 85 क्विंटल तक अतिरिक्त खाद्यान्न अवैध रूप से हटाया गया। जांच में ग्राम वरखेड़ाखुर्द, चितार, मकरारा एवं एजवारा की राशन दुकानों में खाद्यान्न की हेराफेरी किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। साथ ही अनुविभाग पिछोर में स्थानांतरण होने के उपरांत भी खाद्यान्न व्यवस्था की सही तरीके से निगरानी और पर्यवेक्षण न करने के कारण खाद्यान्न व्यवस्था प्रभावित हुई है। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने इस कृत्य को म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए निर्देशित किया है कि वे अपना स्पष्टीकरण 09 सितंबर को समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। निर्धारित तिथि तक संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में म.प्र. सिविल (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 14 के तहत निलंबन एवं विभागीय जांच की कार्रवाई की चेतावनी दी है।

पत्नी के चरित्र पर करता था शक, युवक की हत्या

भैरुंदा 4 सितंबर. भूराखेड़ा गांव के पास अंबर नदी किनारे मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने 12 घंटे में अंधे कत्ल का पर्दाफाश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपी ने पत्नी के मृतक के साथ अवैध संबंध होने की शंका के चलते वारदात को अंजाम देना कबूल किया है. आरोपी ने मृतक के सिर पर पत्थर से कई वार कर उसकी हत्या कर दी थी. जानकारी के अनुसार 3 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि भूराखेड़ा गांव के पहले अंबर नदी के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है. पुलिस मौके पर पहुंची. मृतक की पहचान मुकेश उर्फ पप्पू बारेला के रूप में हुई. मृतक के भाई संतोष बारेला पिता रेलसिंह बारेला निवासी भूराखेड़ा हाल मंजाखेड़ी थाना गोपालपुर की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी. पुलिस ने संदेह के आधार पर विनोद बारेला पिता नंदराम बारेला निवासी खामखेड़ा थाना बिलकिसगंज हाल निवासी भूराखेड़ा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की. पूछताछ में आरोपी ने वारदात स्वीकार करते हुए बताया कि उसे अपनी पत्नी के मृतक मुकेश बारेला के साथ अवैध संबंध होने का संदेह था. इसी संदेह के चलते उसने घटना वाले दिन मुकेश के सिर पर पत्थर से कई वार कर उसकी हत्या कर दी. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

नगर विकास के लिए दिए 87 लाख रुपए

आष्टा. विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा नप जावर को 87 लाख रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई है. वार्ड 13 के पार्षद वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने विधायक इंजीनियर का आभार व्यक्त किया. विधायक द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि से वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं. इनमें से लगभग 55 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं. शेष राशि से धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों पर कार्य प्रस्तावित हैं. इसमें श्री राम मंदिर, हनुमान मंदिर, सेंधव छात्रावास तथा मालवी समाज के छात्रावास में टीन शेड निर्माण शामिल हैं.

बाल गृह के बच्चों के साथ मनाया स्नेह एवं आनंद का दिन

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 4 सितम्बर। भारत विकास परिषद शाखा विवेकानंद शिवपुरी द्वारा आयोजित संस्कृति सप्ताह के द्वितीय दिवस पर शाखा की महिला सदस्यों ने सेवा, स्नेह और संस्कार की सुंदर मिसाल प्रस्तुत करते हुए बाल गृह के बच्चों के साथ आनंदमय समय बिताया। शाखा की महिला सदस्यों अल्पा सांखला, राधिका मंगल, प्रियंका अग्रवाल, नूपुर गुप्ता, जूली सोनी, अरुणिमा अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, गरिमा जैन, रानू बंसल, स्वाति गर्ग एवं रानी गोयल ने बाल गृह के बच्चों को पटेल पार्क ले जाकर उनके साथ विभिन्न स्पोर्ट्स गेम्स खेले। बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया और आत्मीयता के साथ पिकनिक मनाई।

इस अवसर पर बच्चों के लिए फुटबॉल, क्रिकेट किट एवं अन्य खेल सामग्री वितरित की गई। साथ ही बच्चों के लिए घर से विशेष रूप से मैगी, फ्राइड इडली एवं अन्य स्वादिष्ट खाद्य सामग्री बनाकर लाई गई, जिससे बच्चों के साथ मिलकर पिकनिक का आनंद लिया गया। जूली सोनी, प्रियंका अग्रवाल एवं नूपुर गुप्ता द्वारा बच्चों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। अरुणिमा अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, सोनम जैन, राधिका मंगल एवं गरिमा जैन की ओर से खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। वहीं अल्पा सांखला की ओर से खेल किट के साथ-साथ खाद्य सामग्री भी वितरित की गई। महिला सदस्यों ने कहा कि बच्चों के साथ कुछ पल बिताना, उनके साथ खेलना और उनके चेहरे पर मुस्कान लाना ही इस सेवा कार्य की सबसे बड़ी खुशी है। कार्यक्रम में सेवा के साथ-साथ स्नेह, संस्कार और सामाजिक समरसता का भाव दिखाई दिया। भारत विकास परिषद के संस्कृति सप्ताह के माध्यम से समाज में सेवा, संस्कार और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने का यह प्रयास सभी के लिए प्रेरणादायी रहा।

सत्यसाईं के विद्यार्थियों को मिला सम्मान

सीहोर. श्री सत्यसांईं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज के विधि विभाग में जागृति योजना के अंतर्गत सशक्त युवा सशक्त भारत विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान चित्रकला, वाद-विवाद एवं नुक्कड़ नाटक आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने सामाजिक एवं विधिक जागरूकता का संदेश दिया. प्रतियोगिता में विधि विभाग ने प्रथम, होम्योपैथी विभाग ने द्वितीय तथा आयुर्वेद विभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. पुरस्कार वितरण समारोह में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी श्रीमती स्वप्नश्री सिंह मुख्य अतिथि रहीं. न्यायिक मजिस्ट्रेट साकेत जैन एवं फारूक अहमद सिद्दीकी की उपस्थिति में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए. विधि विभाग की डीन डॉ. अमृता सोनी ने स्वागत भाषण दिया.

सांसद भारत सिंह के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल

भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

नवभारत न्यूज
पोहरी, 4 सितम्बर। लोकप्रिय सांसद भारत सिंह कुशवाह के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोहरी में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सेवा कार्य किया गया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरित किए गए। फल वितरण के साथ ही उपस्थित लोगों ने मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और सांसद भारत सिंह कुशवाह को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष रश्मि नेपाल वर्मा, बीएमओ डॉ. द्वारिका धाकड़, डॉ. अरविंद वर्मा, मानसी, मनकेश, भाजपा महामंत्री प्रकाश धाकड़, मंडल महामंत्री पप्पू सिठेले, महामंत्री पूरन कुशवाह, पूर्व जनपद सदस्य एवं वरिष्ठ पार्षद सहित उपाध्यक्ष मनीष नामदेव, धर्मेंद्र नामदेव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के जन्मदिन को केवल उत्सव के रूप में मनाने के बजाय सेवा कार्यों से जोड़ना समाज के लिए सकारात्मक संदेश देता है। मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की मंगलकामना की गई।

सीएम का स्वागत कर प्रिंस ने सौंपा मांगपत्र

सीहोर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नगर आगमन पर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने स्वागत किया. नपाध्यक्ष राठौर ने सीएम को शहर के विकास कार्यों की जानकारी देते हुए पूर्व में उनके द्वारा नगर के विकास के लिए की गई 50 करोड़ रुपए की घोषणा की राशि उपलब्ध कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा. उन्होंने मुख्यमंत्री से घोषणा के अनुरूप राशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया, ताकि शहर में प्रस्तावित एवं आवश्यक विकास कार्यों को और तेजी के साथ पूरा किया जा सके. इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र मेवाड़ा, राजकुमार गुप्ता, राजेन्द्र सिंह राजपूत, प्रतेश राठौर एवं पार्षद शामिल थे.

30 दिन, 30 कार्यशालाएं अभियान : एएनएम सेंटर में हुई चौथी 'अल्पविराम' कार्यशाला

ठहराव से खुशहाली की ओर बढ़ता शिवपुरी

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 4 सितम्बर। राज्य आनंद संस्थान, जिला शिवपुरी द्वारा चलाए जा रहे 30 दिन, 30 कार्यशालाएं अभियान के तहत 4 सितंबर 2026 को ए.एन.एम. सेंटर, शिवपुरी में चौथी एक दिवसीय 'अल्पविराम' परिचय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को जीवन की भागदौड़ के बीच कुछ पल ठहरकर स्वयं को समझने, अपने रिश्तों को बेहतर बनाने तथा शांति, सकारात्मकता और आनंद की ओर बढने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यशाला की शुरुआत प्रार्थना से हुई। प्रथम सत्र में जिला संपर्क व्यक्ति अभय कुमार जैन ने

प्रतिभागियों को स्वयं के जीवन में आनंद को पहचानने तथा उसके बढने और घटने के कारणों को समझने के लिए प्रेरित किया।

इसके बाद सुश्री प्रीति तिवारी ने 'मेरे रिश्ते' सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों से संवाद किया। 'झगड़े क्यों होते हैं?' विषय पर नाटक के माध्यम से रिश्तों के महत्व तथा जीवन में रिश्तों के दूर होने और पुनः बेहतर होने के कारणों को समझाया गया। प्रतिभागियों ने अल्पविराम के माध्यम से अपने रिश्तों के मैप को साझा किया और अपने संबंधों पर आत्मचिंतन किया। अगले सत्र में मास्टर ट्रेनर साकेत कुमार पुरोहित ने चार प्रश्नों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपने जीवन की 'लाइफ बैलेंस शीट' तैयार कराई। इस दौरान क्षमा, धन्यवाद जैसे भावों पर अल्पविराम देकर स्वयं से जुडने और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके पश्चात मास्टर ट्रेनर प्रमोद रावत ने प्रतिभागियों से कार्यशाला का फीडबैक लिया। प्रतिभागियों ने साझा किया कि अल्पविराम के माध्यम से उन्हें अपने विचारों, भावनाओं और रिश्तों को नए दृष्टिकोण से समझने का अवसर मिला। गरिमा दुवे एवं सुषमा कन्नौजी ने अपने जीवन में अल्पविराम से आए सकारात्मक परिवर्तनों के अनुभव भी साझा किए। कार्यशाला का समापन सामूहिक गीत के साथ हुआ। प्रतिभागियों ने अल्पविराम को स्वयं से जुडने, जीवन को समझने और उसे अधिक आनंदमय बनाने की सार्थक प्रक्रिया बताया। 30 दिन, 30 कार्यशालाएं अभियान के माध्यम से जिला शिवपुरी में लगातार विभिन्न संस्थानों तक ठहरने, समझने, जुडने और खुश रहने का संदेश पहुंचाया जा रहा है।